# दो टंकियों के रहते हुऐ भी प्यासे है लोग !

पेयजल समस्या से नही मिल रही निजात

**धारनाकला नवभारत। सरकार लोगो को सुचारू रूप से पेयजल सुविधा उपलब्ध हो इस द्रष्टि से लाखो करोडो रूपये पेयजल के नाम पल व्यय कर रही है किन्तु जमीनी हकीकत मे आज भी आम लोगो को शुद्ध पेयजल समस्या से निजात नही मिल पा रही है और जनमानस आज भी हेडं पम्पो से दूरी तय कर अपने घरो मे पानी ले जाने को मजबूर है और यही नही पेयजल समस्या को लेकर आम जनमानस तथा खासकर महिलाऐ सडक पर तक उतर आयी है किन्तु आज तक धारनाकला के अनेको वार्डो मे पानी टंकी का पानी नही पहूच पा रहा है जबकि धारनाकला मे दो दो पानी टंकिया स्थित है किन्तु इसके बाद भी धारनाकला मे अनेको वार्डो के लोगो को पेयजल सुविधा का लाभ नही मिल पा रहा है**



उल्लेखनीय है की आम जनमानस मानस को यह उम्मीद थी की नवीन पानी टंकी के निर्माण के बाद लोगो को पेयजल समस्या से मुक्ति मिल जायेगी किन्तु नवीन पानी टंकी कै निर्माण कै बाद भी लोगो को पेयजल समस्या से निजात नही मिल पाई और न ही टंकी निर्माण के बाद ग्राम मे पाईप लाईन का विस्तारीकरण ही सुचारू रूप से हो पाया और स्थिति यह है की पेयजल सुविधा मुहैया के लिये आज भी अनेको वार्डो मे अब तक पाईप लाईन तक नही बिछ पाई है ऐसी स्थिति मे कैसे हर घर मे शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध हो पायेगी वैसे वर्तमान मे नवीन पानी टंकी के निर्माण के बाद ठेकेदार द्वारा पेयजल सुविधा ग्राम पंचायत धारनाकला को सौप तो दी गई किन्तु अभी भी पाईप लाईन के विस्तारीकरण के साथ साथ अनेको कार्य अधूरे है और यही कारण है की आज भी शुद्ध पेयजल की कल्पना ही करना बेकार होगा ।

### हृदय स्थल है मड ई बर्रा धारनाकला

उल्लेखनीय है की ग्राम पंचायत धारनाकला मे वैसे 20 वार्ड है तथा शासकीय महाविद्यालय धारनाकला से जुडा मड ई बर्रा जहा पर लगभग चार वार्ड स्थित है साथ ही इन चार वार्डो मे गरीब तथा मजदूर वर्ग के लोग निवास करते है किन्तु इन गरीबो को लगभग दो वर्षो से पेयजल समस्या से जूझना पड रहा है पेयजल समस्या से त्रस्त महिलाऐ अनेको बार विरोध प्रदर्शन करने सडक पर तक उतर चुकी है किन्तु विभागीय अधिकारियो के झूठे आश्वासन मे उनकी आवाज अब तक दबती चली गई और आज तक गरीब महिलाओ को पेयजल समस्या से निजात नही मिल पाई यही स्थिति कैला माता मंदिर चौक से लगे अनेको वार्डो की है इन वार्डो मे भी निवास कर रहे मतदाताओ को पेयजल समस्या से जूझना पड रहा है कुल मिलाकर ग्राम पंचायत धारनाकला मे आधी आबादी को तो पेयजल सुविधा का लाभ मिल रहा है वही आधी आबादी आज भी पेयजल समस्या से त्रस्त है जिस ओर विभागीय अधिकारियो का ध्यान न देना समझ से परे है

### 181 में कर रही महिलाएं शिकायत

यहा यह बताना भी लाजिमी है की पेयजल समस्या से त्रस्त महिलाऐ लगातार सी एम हेल्प लाइन मे शिकायत दर्ज कर रही है किन्तु संबधित विभाग समस्या की ओर ध्यान न देकर शिक़ायत वापस करवाने पर जोर दे रहे है जब इस सम्बन्ध मे महिलाओ से बात की गई तो उनका कहना है की हम दो वर्षो से पानी की समस्या से जूझ रहे है किन्तु पेयजल समस्या की ओर जवाबदार ध्यान नही दे रहे है.

# नकबजनी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**छपारा नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री शिमाला प्रसाद व्दारा जिले में हो रही चोरी, नकबजनी और लूट की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन अपूर्व भलावी के निर्देशन में थाना छपारा पुलिस ने नकबजनी के आरोपियो को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार मे दिनांक 28 और 29 अगस्त के दरम्यानी रात प्रार्थी बसंत कुमार पिता घस्सीलाल बरमैया उम्र 67 वर्ष निवासी ग्राम खुर्सीपार थाना छपारा के सूने मकान का ताला तोडकर अज्ञात चोरो व्दारा सोने,चांदी के जेवरात,एलसीडी टीवी, सिलाई मशीन, चार नग पीतल की गुंडी कुल कीमत करीबन तीन लाख रूपये की चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना छपारा मे अपराध क्रमांक 382/25 धारा 331 (4), 305 बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया और अज्ञात आरोपीयो की तलाश शुरू की गई।

थाना प्रभारी छपारा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। जांच दौरान पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से अज्ञात आरोपीयो के सबंध मे साक्ष्य एकत्रित किये गये। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम व्दारा 02 आरोपीयों को अभिरक्षा मे रखकर कर पूछताछ की गई जिन्होंने सूने मकान में सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू सामान और नगदी रुपये चोरी करना स्वीकार किया।

उक्त आरोपियो से चोरी हुये माल मशरूका को जप्त कर आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी मे पेश किया गया है, आरोपियो को माननीय न्यायालय व्दारा न्यायिक रिमांड पर जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपी में आसिफ पिता आजाद खान मुसलमान उम्र 30 वर्ष निवासी रायचौर थाना लखनादौन जिला सिवनी 2. राकेश पिता रूपलाल उइके उम्र 40 वर्ष निवासी संजय कॉलोनी छपारा शामिल है। इनके कब्जे से सोने के 4 कंगन, एक सोने का मंगलसूत्र का पेंडल, तीन जोडी सोने के कान के फूल, एक सोने का लाकेट एवं एक सोने का हाय, एक जोडी सोने की झूमकी, एक सोने की अंगूठी एवं एक जोडी चांदी की पायल, एलसीडी टीवी, सिलाई मशीन, पीतल की चार गुंडी, चाँदी का कर्धन, सोने का हार कुल मशरूका कीमती 300000 रूपये

इस कार्यवाही में निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक सुक्कुलाल उइके, सहायक उप निरीक्षक प्रेमरारायण सूर्यवंशी, आरक्षक गजानन वर्मा, आरक्षक रतिभनशा, आरक्षक सूरज गिरारे, आरक्षक रामनरेश कैथवास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आयोजन समिति का किया गया गठन, अरशद खान बनाये गये अध्यक्ष

# पापुलर समर सैट करायेगी वेटरन हॉकी चैंपियन ट्राफी

**सिवनी नवभारत।** गत 9 सितंबर 2025 को समर सैट क्लब के अध्यक्ष मिंटू पाशा के निवास स्थान पर प्रतियोगिता के आयोजन हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समर सेट के आरिफ खान एवं अरशद सिद्दीकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संबंध में 40 + 7 साइट के साथ-साथ फीडर सेंटर एवं खेलो इंडिया के 18 वर्ष तक के खिलाडियों की एक प्रतियोगिता कराई जाने का निर्णय किया गया है।



इस संबंध में आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक धन्नालाल गौर, अमर बी सिंग, आबिद पटेल एवं अध्यक्ष अरशद खान सेवानिवृत पुलिस एवं उपाध्यक्ष गफ्फार खान फिरदौस खान, देवेंद्र सिंग ठाकुर पी टी आई, खालिद उमर , शान खान सचिव, श्याम सिंह धुर्वे सेवानिवृत पुलिस, सहसचिव अलीम खान मध्य प्रदेश पुलिस एवं कोषाध्यक्ष हामिद खान एवं सदस्य, मुस्तफा खान, अ.कलाम खान, अरशद सिद्दीकी एवं आरिफ खान, एड. फिरोज़ कुरैशी को चुना गया है। प्रतियोगिता के संबंध में निर्णय लिया गया है कि दिनांक 13 सितंबर 2025 को समय 4.30 बजे भाग लेने वाली टीमों के सभी टीमों के प्रतिनिधि सदस्य एवं समिति सदस्यों की एक आवश्यक बैठक एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान में रखी गई है इसी दिन प्रतियोगिता आयोजन की तिथि का निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में समीर खान, आसिफ लाल, असद खान, रशीद कुरेशी, फैसल खान, फैयाज खान, सिफत खान, अनीश खान, फैसल भाई मत्था विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# वैश्य महासम्मेलन के संगठन की मजबूती में सभी सहभागी बने : विजय

**सिवनी नवभारत।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई सिवनी की बैठक सोमवार दि. 8 सितंबर 2025 को दिवाकर भवन सिवनी में आयोजित की गई. जिसमें वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई सिवनी के सभी सदस्यों के बीच इस बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात प्रमुखता से रखी गई.

वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई सिवनी की बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री श्री विजय झांझरी द्वारा समस्त प्रभारियों को अपने-अपने दायित्वों का समर्पित भाव से निर्वहन कर महासम्मेलन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को विशेष रुप से आयोजित करने की बात रखी तथा इसमें सभी की सहभागिता सुनिश्चित कर इन आयोजनों के खर्च की राशि का कलेक्शन उचित व सुविधाजनक तरीके से करने की बात कही गयी ताकि सदस्यों के अलावा अन्य लोग भी इन कार्यक्रमों में रुचि दिखाते हुए बढ़चढ़ कर भाग ले सकें. इसी प्रकार प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जे.पी. नेमा ने पड़ोसी जिला छिंदवाड़ा का उदाहरण देते हुए यहाँ सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने हेतु समझाईश दी गई तथा इसमें आने वाली परेशानियों के निराकरण की बात सहज तरीके से प्रभारियों को बतायी गयी. साथ ही अतिशीघ्र आनलाईन माध्यम से सदस्य बनाये जाने के संबंध में चर्चा की गई.



### सुदर्शन बाझल और बाबू भालोटिया का किया गया सम्मान

इसके साथ आज की जबलपुर बैठक में प्रवेश बाबू भालोटिया युवा इकाई के वैश्य चेतना यात्रा का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया जिसके लिया उनका सम्मान किया गया. साथ ही श्री सुदर्शन बाझल को श्री महावीर व्यायामशाला के अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी गई. कार्यक्रम के अंत में रवि अग्रवाल जिला इकाई अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई सिवनी द्वारा बैठक में उपस्थिति के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया.

## एक नजर में

### यातायात पुलिस ने वाहनों पर की कार्यवाही



सिवनी। पुलिस मुख्यालय के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना यातायात के द्वारा निरंतर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही हैं। यातायात थाने के चैकिंग दल द्वारा चैकिंग के दौरान दो वाहन जिनका वाहन क्रमांक एमपी 22 एच 1336 व एमपी 22 एच 0786 बिना फिटनेस के पाए गए जिन पर पांच-पांच हजार रुपए जुर्माना करते हुए कुल 10000-00 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक के विरुद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा 15000 का जुर्माना लगाया गया।

### राशन पात्रता के लिए मेरा ई-केवाईसी ऐप से करें सत्यापन

सिवनी। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन परिवारों की राशन पर्ची का सत्यापन खाद्य विभाग द्वारा एम राशन मित्र पोर्टल पर कर दिया गया है। ऐसे सभी हितग्राही अपने मोबाईल पर मेरा ई-केवायसी एप के माध्यम से अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी घर बैठे कर सकते है। सभी ऐसे हितग्रहीयों से अपील है कि जिनकी पात्रता पर्ची हेतु सत्यापन हो चुका है वे सभी मेरा ई-केवायसी एप से तत्काल ई-केवायसी पूर्ण कर ले ताकि समय-सीमा में उन्हे राशन पर्ची प्राप्त हो सकें।

### आबकारी विभाग की कार्यवाही, 460 किलो महुआ लाहन जप्त

सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के नेतृत्व एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री विनोद खत्री के निर्देशन में गुरूवार 11 सितंबर 2025 को गंजवार्ड सिवनी में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा छापामार कार्यवाही की गई है। जिसमें अवैध शराब बनाने की भट्टियों को नष्ट किया गया है। इस छापामार कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम,1915 की धारा 34 (1) के तहत कुल 03 आपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं। जिसमें लगभग 460 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन एवं लगभग 25 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद कर जप्त की गई है। कार्यवाही में आबकारी विभाग सिवनी के शहर वृत्त, उत्तर वृत्त एवं दक्षिण वृत्त का समस्त कार्यपालिक स्टॉफ शामिल रहा है।

# युवाओं ने छपारा पुलिस को किया सम्मानित

ईद मिलादुन्नबी और गणेशोत्सव का शांतिपूर्ण समापन

**छपारा नवभारत।** इस वर्ष नगर में ईद मिलादुन्नबी (5 सितंबर) और गणेशोत्सव (7 सितंबर) के त्यौहार बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए गए। दोनों ही समुदायों ने इन त्योहारों को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए छपारा पुलिस थाना और नगर निरीक्षक (टी.आई.) खेमेंद्र कुमार जैतवार के प्रयासों की सराहना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया।



स्थानीय नागरिकों और विभिन्न समितियों ने पुलिस की सतर्कता और व्यवस्थापन की प्रशंसा की। इसी उपलक्ष्य में, 10 सितंबर को छपारा पुलिस थाना में गणेश उत्सव समितियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गणमान्य नागरिक जयदीप सिंह चौहान, रमेश चौहान, शिवशंकर अग्रवाल समेत अन्य लोगों ने छपारा नगर निरीक्षक जैतवार को शाल और श्रीफल भेंटकर आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, मुस्लिम समुदाय की ओर से भी 11 सितंबर को शाम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद पटेल, नूर खान, साजिद खान, प्यारु खान, अब्रार अंसारी, और अतीक खान ने भी ईद मिलादुन्नबी को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन का आभार जताया। छपारा पुलिस थाना पहुंचकर छपारा नगर निरीक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार को पुष्प गुच्छ और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।


प्रथम पुण्यतिथि



जन्म- 10/10/1979 स्वं.श्री विजेन्द्र आमाडारे स्व.- 12/09/2024

जीवन की एक सच्ची कहानी है, मृत्यू एक दिन सबको आनी है हमारी यही प्रार्थना है जो पुण्यात्मा हमारी बीच नहीं है, भगवान उन्हें मोक्ष प्रदान करे. आपका आर्शीवाद हम पर सदा बना रहे..

।। शोकाकुल परिवार ।।

शेल कुमारी आमाडारे - पत्नि
वैभव आमाडारे - (पुत्र)
एवं समस्त नवभारत परिवार



**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित धूमा पं.क्र.68 जिला- सिवनी (म0प्र0)**

E-mail-lampsdhuma68@gmail.com

क्र....... दिनांक 08/09/2025

**वार्षिक साधारण आम सभा सूचना**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन दिनांक 26/09/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12.00 बजे समिति कार्यालय धूमा में किया गया है। कोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित की जा कर उसी स्थान पर पुनः प्रारंभ होगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नही होगी। आमसभा में निम्न विषयों पर निर्णय लिया जावेगा।

**विषय :-** (1) वर्ष 2024-25 में एवं मासांत तक संचालक मण्डल / प्रशासक द्वारा लिये गये निर्णयों का अनुमोदन बाबद् विचार। (2) समिति द्वारा आगामी वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना तैयार कर अनुमोदन बाबद विचार। (3) संपरीक्षण रिपोर्ट यदि प्राप्त हुई हो तथा वार्षिक रिपोर्ट पर विचार। (4) वर्ष 2024-25 की लेखों की संपरीक्षण करने के लिये संपरीक्षक / संपरीक्षक फर्म की नियुक्ति बाबद् विचार। (5) अन्य विषय अध्यक्ष / प्रशासक की अनुमति से।

प्रभारी प्रबंधक, एन.के. यादव
आ.जा-से.सह समि. मर्या. धूमा


प्रक्रिया | ग्रामीणों ने कहा जहां तक कब्जा है और अधिकार पत्र मिल गया है वहां तक की जमीन गांव की सीमा में शामिल किया जाए

# वनग्राम लेहडीकोल को राजस्व में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू



**घंसौर नवभारत।** विकास खंड के बरगी बांध से विस्थापित एवं प्रभावित वनग्राम लेहडीकोल को राजस्व में परिवर्तित करने में आ रही बाधा को लेकर ग्रामीणों ने विगत दिनों सिवनी कलेक्टर से चर्चा किया था। चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी अमला गांव के अंदर के सीमा में आने वाले जमीन का सर्वे करने की बात कर रहे हैं जबकि ग्रामीणों का गांव की सीमा के बाहर वन भूमि पर कब्जा है। जिसका वन अधिकार कानून 2006 में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत वन अधिकार पत्र अधिकांश लोगों को मिल चुका है, कुछ लोगों को वन अधिकार पत्र मिलना बांकि है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से कहा कि जहां तक कब्जा है और अधिकार पत्र मिल गया है वहां तक की जमीन गांव की सीमा में शामिल किया जाए। कलेक्टर महोदया ने मांग को स्वीकार करते हुए आश्वस्त किया कि पट्टे वाली वन भूमि को गांव की सीमा के अंदर शामिल किया जाएगा। लेहडीकोल में 115 परिवारों को वन अधिकार पत्र प्राप्त हुआ है। पूर्व में सरकारी अमला द्वारा गांव सीमा के बाहर की खेती वाली जमीन को शामिल नहीं करने के कारण गतिरोध बना हुआ था।

वन अधिकार मान्यता कानून 2006 की धारा 3(1) (ज) एवं बहुपठित 3(1)(छ) के तहत वन ग्रामों के समस्त पट्टेधारियों के पट्टों को वन अधिकार पत्र में सम्परिवर्तन करने का प्रावधान है। कानून में दिया गया है कि वनों के सभी वन ग्रामों, पुराने आवासों,असर्वेक्षित ग्रामों के बसने और संपरिवर्तन के अधिकार,चाहे वे राजस्व ग्रामों में लेखबद्व हों, अधिसूचित हों अथवा नहीं। मध्यप्रदेश का जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा 16 अप्रेल 2025 को वन ग्रामों के लिए दिशानिर्देश जारी जारी करते हुए कहा है कि वन विभाग के नक्शे में वन ग्राम की जो बाह्य सीमा दर्शायी गयी है उसका स्थल सत्यापन करना होगा।वन अधिकार समिति और वन विभाग के कर्मचारी तथा पटवारी साथ - साथ वन ग्राम सीमा का भ्रमण कर मुनारों के स्थान का सत्यापन करेगी। इससे वन ग्राम की बाह्य सीमा की समझ बनेगी।

### कलेक्टर का जताया आभार

समस्याओं का हल करने के लिए ग्राम पंचायत बगदरी की सरपंच सुशीला नरेती और वन ग्राम लेहडीकोल की हल्की बाई कुरोपा, रामकली बाई उईके,दान सिंह काकोडीया, रणबीर मर्रापा,धरम सिंह कोकडिया, बृजलाल चिचाम,देवक राम मर्रापा आदि ने कलेक्टर सिवनी का आभार व्यक्त किया है।

**28 वन ग्राम शामिल**

बाह्य सीमा निर्धारण के बाद पूरे क्षेत्र का नक्शा जीपीएस से सर्वे कर वन अधिकार समिति,वन रक्षक तथा पटवारी संयुक्त रूप से तैयार करेंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में मध्यप्रदेश में 925 वन ग्राम थे जो अब विभिन्न कारणों से 827 बचे हैं। सिवनी जिले के कुल 28 वन ग्रामों का भी उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार राजस्व ग्रामों में परिवर्तित किया जाना है।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को

सिवनी नवभारत। आगामी 13 सितम्बर को नगर पालिका के मानस भवन में प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जिसमें नागरिकगण संपत्तिकर एवं जलकर करों का भुगतान कर अधिभार ;सरजार्च में प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। इसी तारतम्य में नगर पालिका सिवनी के वार्ड प्रभारियों के द्वारा 77 लाख रूपये से अधिक राशि के लगभग 2500 नागरिको के बिल तैयार कर बकाया राशि के भुगतान करने हेतु बिलों को वितरित किया गया है। नगर पालिका सीएमओ द्वारा नागरिको से अपील की गई है कि नागरिकगण अपने बकाया करों का भुगतान नेशनल लोक अदालत में पहुंचकर करें एवं शासन द्वारा अधिभार ;सरजार्च में प्रदाय की जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त करें।


पैसा ठीक होने के बाद

**जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**

शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है

सिवनी में मिलें — हर मंगलवार व बुधवार — प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी

बालाघाट में मिलें — हर शनिवार व रविवार — गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट

9243880464,7879453857





**श्री श्याम आयुर्वेदिक**

गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें

शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद

आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127